झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

षष्ठम् झारखण्ड विधान–सभा | पंचम (बजट) सत्र
संख्या–05 | मंगलवार, दिनांक–24 फरवरी, 2026 ई०।

समय–11.00 बजे पूर्वा० से 12.46 बजे अप० तक।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

1.प्रश्नकाल–

आज के लिए निर्धारित अल्पसूचित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ–

(कुल अल्पसूचित प्रश्नों की संख्या–21)

(क) उत्तरित कुल–04

क्रम सं०–53,	अ०सू०–37	श्री देवेन्द्र कुँवर,	स०वि०स०,
क्रम सं०–55,	अ०सू०–05	डॉ० कुशवाहा शशिभूषण मेहता, स०वि०स०, (अधिकृत प्रश्नकर्त्ता माननीय सदस्या, डॉ० नीरा यादव।)	
क्रम सं०–56,	अ०सू०–30	श्री सरयू राय,	स०वि०स०,
क्रम सं०–57,	अ०सू०–07	श्री हेमलाल मुर्मू,	स०वि०स०।

(ख) अपृष्ठ मात्र–01

क्रम सं०–54,	अ०सू०–26	श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी,	स०वि०स०।

(ग) स्थगित मात्र–01

क्रम सं०–58,	अ०सू०–10	श्री अरूप चटर्जी,	स०वि०स०।

(घ) अनागत कुल–15, अ०सू० क्रम संख्या–59 से 73 तक।

(कुल तारांकित प्रश्नों की संख्या–74)

(क) उत्तरित कुल–03

क्रम सं०–133,	श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी,	स०वि०स०,
क्रम सं०–134,	श्री उदयशंकर सिंह,	स०वि०स०,
क्रम सं०–135,	श्री नागेन्द्र महतो,	स०वि०स०।

(ख) अनागत कुल–71, तारां० क्रम संख्या–136 से 206 तक।

2.शून्यकाल:–

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–303 के तहत आज के लिए स्वीकृत शून्यकाल की सभी सूचनाओं को पढ़ा हुआ मानते हुए लिखित उत्तर हेतु सम्बन्धित विभागों को भेजे जाने हेतु आसन से निदेश दिया गया।

Scanned with OKEN Scanner

3.वित्तीय कार्यः–

आसन की अनुमति से माननीय प्रभारी मंत्री(योजना सह वित्त), श्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा भारत का संविधान के अनुच्छेद–203 के अनुसरण में वित्तीय वर्ष–2026–27 के लिए 158560,00,00,000/–(एक लाख, अंठावन हजार, पाँच सौ साठ करोड़) रूपये मात्र का आय–व्ययक (बजट) का उपस्थापन सदन पटल पर किया गया तदुपरांत माननीय मंत्री द्वारा बजट भाषण पढ़ा गया।

माननीय वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण का शुभारम्भ स्व० शिबू सोरेन जी श्रीचरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया साथ ही वीर भूमि झारखण्ड के अमर शहीद धरती आबा बिरसा मुण्डा, तिलका मांझी, बीर बुधू भगत, पोटो हो, सिद्धो–कान्हू मुर्मू, चाँद–भैरव, फूलो–झानो, तेलंगा खड़िया, ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, पाण्डे गणपत राय, नीलाम्बर–पीताम्बर और शेख भिखारी सहित सभी नाम–अनाम वीर सपूतों को भी अपनी श्रद्धासुमन अर्पित किया।

उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन जी के नेतृत्व में झारखण्ड राज्य के गठन के मूल उद्देश्यों को दृष्टि पटल पर रखकर वर्तमान अबुआ सरकार हमारे दिशोम गुरू के द्वारा बताये गये समावेशी विकास के मार्ग पर आरूढ़ है। हम झारखण्ड राज्य के निर्माण के उद्देश्यों–जन कल्याण और भागीदारी, आदिवासी अस्मिता, सामाजिक न्याय, समावेशी विकास एवं समृद्ध, सशक्त तथा आत्मनिर्भर झारखण्ड को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, भले ही हमारे राजनीतिक प्रतिद्वंदी हमारे राह में कितने भी रोड़े अटकाएँ। हम न झुके हैं, न झुकेंगे, हमें तो इन चार पंक्तियों पर भरोसा है–

"किसी के पैर में गिरकर कामयाबी पाने से बेहतर है,
अपने पैरों पर चलकर कुछ बनने की ठान लें।"

वित्तीय वर्ष–2022–23 में **"हमर अपन बजट"**, 2023–24 एवं 2024–25 में **"हमीन कर बजट"**, 2025–26 में **"अबुआ बजट"** एवं वित्तीय वर्ष–2026–27 में **"अबुआ दिशोम बजट"** गोष्ठी एवं परिचर्चा के माध्यम से वार्षिक बजट को लगातार बहुमुखी आयाम दिया जा रहा है। बजट में माननीय वित्त मंत्री के द्वारा कृषि एवं सम्बद्ध प्रक्षेत्र, ग्रामीण विकास, जल संसाधन, पंचायती राज, महिला बाल–विकास एवं सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा प्रक्षेत्र, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य, नागर विमानन, ऊर्जा, उद्योग, भवन निर्माण, नगर विकास एवं आवास, पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य, सूचना, प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस, गृह–कारा एवं आपदा प्रबंधन सहित योजना एवं विकास विभागों के लिए बजट प्रबंधन पर विस्तारपूर्वक विचार प्रस्तुत किया गया।

अंत में अपने द्वितीय बजट प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन का आभार प्रकट करते हुए सदन में उपस्थित सभी माननीय सदस्यों का भी आभार व्यक्त किया गया।

4.आसन से सूचनाः–

सभा सचिवालय स्थित प्रथम तल के सेंट्रल हॉल में वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार की ओर से सभी माननीय सदस्यों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था किये जाने सम्बन्धी सूचना आसन से दी गयी साथ ही उसमें सम्मिलित होने के लिए माननीय वित्त मंत्री की ओर से सादर अनुरोध करने सम्बन्धी विषय से भी सदन को अवगत कराया गया।

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक–25.02.2026 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक–24 फरवरी, 2026 ई०।

रंजीत कुमार,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

Scanned with OKEN Scanner